

# DIVERSECITY का मान

## मैट्रो वैन्कूवर में नेतृत्व में विविधता का एक चित्र

## प्रबन्धकारी सारांश

जुलाई 2011

DIVERSECITY COUNTS:
A SNAPSHOT OF DIVERSITY IN LEADERSHIP IN METRO VANCOUVER

COVER PHOTOGRAPHY: MARK MCHOLM

THIS PROJECT IS A COLLABORATION OF SPARC BC AND THE DIVERSITY INSTITUTE IN MANAGEMENT AND TECHNOLOGY AT RYERSON UNIVERSITY. FUNDING FOR THE PROJECT IS PROVIDED BY THE GOVERNMENT OF CANADA AND THE PROVINCE OF BRITISH COLUMBIA.

© JULY 2011

SOCIAL PLANNING AND
RESEARCH COUNCIL OF BC
4445 NORFOLK STREET
BURNABY, BC V5G 0A7

WWW.SPARC.BC.CA
INFO@SPARC.BC.CA
TEL: 604-718-7733

SPARC BC OFFICES ARE LOCATED
WITHIN THE TRADITIONAL TERRITORY
OF THE COAST SALISH PEOPLE.

# परियोजना का संक्षिप्त विवरण

यह अनुसंधान विवरण निम्न क्षेत्रों में मैट्रो वैन्कूवर की गोचर अल्पसंख्यकता [विज़िबल माइनौरिटी][1] के उच्च नेतृत्व तथा प्रबन्धक पदों की संख्या का वर्णन करता है: स्कूल जिले, महा-विद्यालय संस्थायें, सरकारी एजेन्सियाँ, अलाभकारी संस्थायें, स्थानीय सरकार, पुलिस विभाग, तथा संगठित क्षेत्र।

इस अनुसंधान पद्धति को रायर्सन यूनिवर्सिटी के डायवर्सिटी इन्स्टीच्यूट के अनुसंधान के सांचे में ढाला गया है जिसका शीर्षकः *ए स्नैपशॉट ऑव डायवर्सिटी ईन ग्रेटर टोरोन्टो एरिया है।*

इस चिंतन के उद्देश्य के लिये, हमने मैट्रो वैन्कूवर के उन शहरों पर अपना ध्यान केन्द्रित किया है जिनमें गोचर अलपसंख्यकता [विज़िबल माइनौरिटी] की संख्या सबसे अधिक है, जैसे: रिचमंड, बर्नबी, वैन्कूवर, सरी तथा कोक्युटलम। मिला कर इन नगरनिगमों में गोचर अलपसंख्यकता [विज़िबल माइनौरिटी] की संख्या मैट्रो वैन्कूवर की कुल जनसंख्या में से करीब 1.5 मिलियन या 70% के लगभग है। इन पाँच (5) नगरनिगमों की कुल जनसंख्या में आधे से अधिक भाग (51%) गोचर अलपसंख्यकता का है। इनमें गोचर अलपसंख्यकता की सफलता की कई स्थानीय कहानियां है जिन्होंने अपने क्षेत्रों में नेतृत्वपूर्ण पदों को ग्रहण किया हुआ है। इस परियोजना के भाग के रूप में, हमारा अनुसंधान समूह, हमारे क्षेत्र के कुछ स्थानीय लीडरों से मिला तथा उनसे उनकी सफलता की कहानियाँ सुनीं व उभरते लीडरों को प्रेरित करने के लिये उनकी सलाह के लिये पूछा। इस अनुसंधान विवरण उनकी सफलता की कहानियों का योगदान है।

मैट्रो वैन्कूवर क्षेत्र के अन्तर्गत, कई संस्थायें हैं जिन्होंने विविधता को सहयोग देना अपना संस्थानीय उद्देश्य बनाया हुआ है तथा कुछ [संस्थाओं] को वार्षिक प्रतियोगिता के दौरान कैनेडा का बैस्ट डायवर्सिटी इम्प्लौयर के रूप में मान्यता भी मिल चुकी है। इस विवरण में स्थानीय संस्थाओं व व्यवसायों का वर्णन शामिल है जिन्होंने अपने कार्यस्थल व संचालन ढांचे को अधिक स्वागत पूर्ण बनाया है तथा जिनमें विभिन्न परिप्रेक्ष्यों का सम्मिलन है। विविधता के प्रबन्धक क्षेत्र में उन उत्तम अभ्यासों के विवरण का सारांश समाविष्ट है जो उभरते प्रचलन से प्रभावित हैं।

---

1 द कनेडियन इम्प्लौयमैंट एक्युटी एक्ट गोचर अलपसंख्यकता को इस प्रकार परिभाषिरत करता है "एबोरिजनल लोगों से भिन्न व्यक्ति, जोकि जाति से कॉकेशियन नहीं हैं या रंग में श्वेत नहीं हैं" (पब्लिक सर्विस कमीशन ऑव कैनेडा, 2011) उदाहरण में शामिलः चीनी, दक्षिणी एशियायी, काले, फिलीपीनो, लैटिन अमैरिकन, दक्षिणीपूर्वी एशियायी, अरबी, पश्चिमी एशियायी, कोरियन, जापानी, मिलेजुले तथा अन्य गोचर अलपसंख्यक।

# मैट्रो वैन्कूवर में उच्च नेतृत्व के पदों पर गोचर अल्पसंख्यकता

| क्षेत्र | विश्लेषित व्यक्ति # | अल्पसंख्यक लीडर # | अल्पसंख्यक लीडर % | अस्ल्पसंख्यक औसत % |
|---|---|---|---|---|
| **निर्वाचित अधिकारी** | | | | **26%** |
| स्कूल बोर्ड ट्रस्टी | 33 | 10 | 30% | |
| नगरनिगम पार्षद | 46 | 10 | 22% | |
| विधान सभा के सदस्य | 40 | 10 | 25% | |
| संसद सदस्य | 19 | 6 | 32% | |
| **सरकारी क्षेत्र के प्रबन्धक** | | | | **7%** |
| नगरनिगम व क्षेत्रीय प्रबन्धक | 29 | 2 | 7% | |
| पुलिस के उच्चपदाधिकारी | 25 | 2 | 8% | |
| **संगठन क्षेत्र** | | | | **10%** |
| बोर्ड प्रबन्धक | 372 | 30 | 8% | |
| उच्चपदाधिकारी | 537 | 59 | 11% | |
| **स्वयंसेवा क्षेत्र (अलाभकारी)** | | | | |
| बोर्ड प्रबन्धक | 275 | 28 | 10% | |
| उच्चपदाधिकारी | 134 | 27 | 20% | |
| **शिक्षा** | | | | **12%** |
| स्कूल जिले | | | | |
| अधीक्षक | 3 | 0 | 0% | |
| मुख्याध्यापक व उप मुख्याध्यापक | 485 | 53 | 11% | |
| महाविद्यालय | | | | |
| गोवर्नर बोर्ड | 41 | 8 | 20% | |
| प्रबन्धकर्त्ता | 20 | 2 | 10% | |
| विश्वविद्यालय | | | | |
| गोवर्नर बोर्ड | 73 | 12 | 16% | |
| उच्च प्रबन्धकर्त्ता | 28 | 2 | 7% | |
| **सरकारी संस्थायें** | | | | **11%** |
| बीसी प्रान्त की एजेन्सियाँ ब बोर्ड | 114 | 13 | 11% | |
| **कुल विश्लेषित लीडर** | **2274** | **274** | **12%** | **12%** |

# एक चूका हुआ अवसरः नेतृत्व के पदों पर गोचर अल्पसंख्यकता का कम प्रतिनिधित्व

मैट्रो वैन्कूवर में उच्च नेतृत्व के सभी पदों पर गोचर अल्पसंख्यकता का प्रतिनिधित्व कम है। जैसा कि पिछले पृष्ठ की सूची में देखा गया है, 2274 लीडर जिनका इस परियोजना में वर्णन है, जिनमें से 12% ही अल्पसंख्यक समूह से हैं।

गोचर अल्पसंख्यकता का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व निर्वाचित अधिकारियों के क्षेत्र में ही है, जिनमें 26% गोचर अल्पसंख्यकता से निर्वाचित अधिकारी शामिल हैं। दूसरा अधिक प्रतिनिधित्व का क्षेत्र स्वयंसेवा का क्षेत्र है, जहाँ 13% उच्चपदाधिकारी गोचर अल्प संख्यकता से सम्बन्धित हैं।

स्कूल बोर्ड ट्रस्टी 30%, प्रांततीय विधान सभा के सदस्य (एम एल ए) 25%, नगरनिगम पार्षद 22%, के सापेक्ष में निर्वाचित अधिकारियों के क्षेत्र के अन्तर्गत, सबसे ऊँचा स्तर केन्द्रिय संसद सदस्यों (एम पी) का है जहाँ 32% सदस्य गोचर अल्पसंख्यकता से सम्बन्धित हैं।

सरकारी सेवा क्षेत्र के लीडरों के सर्वेक्षण में, गोचर अल्पसंख्यकता के परिप्रेक्ष्य से 7% लीडर हैं। इस विवरण में वर्णित स्थानीय व क्षेत्रीय सरकारों में, नगरनिगम व क्षेत्रीय लीडरों में 7% उच्च पदाधिकारी हैं जोकि गोचर अल्पसंख्यकता के परिप्रेक्ष्य से हैं। इस अनुसंधान में पुलिस विभाग के परीक्षण में, 8% गोचर अल्पसंख्यकता के परिप्रेक्ष्य से हैं।

इस परियोजना के सबसे बड़े संठनों के परीक्षण में, 10% उच्च पदाधिकारी गोचर अल्पसंख्यकता के परिप्रेक्ष्य से हैं। उच्च प्रबन्ध के पदाधिकारियों में यह स्तर थोड़ा सा ऊँचा है, 11% उच्च पदाधिकारी गोचर अल्पसंख्यकता के परिप्रेक्ष्य से हैं जबकि बोर्ड के सदस्यों में 8% गोचर अल्पसंख्यकता के परिप्रेक्ष्य से हैं।

इस परियोजना के सबसे बड़े स्वयंसेवा संस्थाओं के क्षेत्र में (जैसेकि, अलाभकारी, परोपकारी तथा संगठनों) के परीक्षण में, समस्त उच्च पदाधिकारियों का 13% गोचर अल्पसंख्यकता के परिप्रेक्ष्य से हैं। बोर्ड के अधक्षिकों (10%) की तुलना में उच्च प्रबन्धकर्त्ताओं (20%) का प्रतिनिधित्व स्तर ऊँचा है।

कुल मिलाकर शिक्षा के क्षेत्र में गोचर अल्पसंख्यकता का प्रतिनिधित्व 12% का था। इस विवरण में शामिल समस्त महाविद्यालयों के, 20% बोर्ड के गवर्नर तथा 10% उच्च प्रबन्धक पदाधिकारी गोचर अल्पसंख्यकता के परिप्रेक्ष्य से थे। मैट्रो वैन्कूवर के विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत, 16% बोर्ड के गवर्नर तथा 7% उच्च प्रबन्धक पदाधिकारी गोचर अल्पसंख्यकता के परिप्रेक्ष्य से थे। इस परियोजना में परीक्षित स्कूल जिलों के अन्तर्गत, 11° मुख्याध्यापक व उप मुख्याध्यापक गोचर अल्पसंख्यकता के सदस्य थे।

इस परियोजना में प्रान्तीय सरकार के सबसे बड़े बोर्ड तथा एजेन्सियों की सरकारी नियुक्तियों का परीक्षण भी किया गया है। जो नियुक्त सदस्य इस विवरण में परीक्षित हुये हैं, उनमें से 11° गोचर अल्पसंख्यकता के सदस्य थे।

# विविध नेतृत्व के हितलाभ तथा आशावादी परिवर्तन के लिये सुझाव

नेतृत्व में विविधता परिचर्चा के लिये विभिन्न प्रकार के दृष्टिकोणों को सम्मुख लाने में सहायक है जोकि कैनेडा वासियों के जीवन में राजनीतिक, आर्थिक, तथा सामाजिक रूप से प्रभाव डालते हैं। हाल ही में हुये अनुसंधान से यह सुझाव मिलता है कि नेतृत्व में विविधता को अपनाने वाली संस्थायें तुलनात्मक रूप से उन संस्थाओं से अधिक लाभ में रहती हैं जहाँ विविधता की कमी है। नेतृत्व तथा रोजगार में विविधताः

- उत्तम प्रतिभा को आकर्षित करने व बनाये रखने में संस्थाओं की सहायक है;
- ग्राहकों तथा नये अवसरों या मार्केट से घनिष्ठ सम्बन्ध प्रदान करती है;
- आलोचनात्मक सोच व नवीनता को प्रोत्साहन देती है; तथा
- कुल मिलाकर आर्थिक व संस्थानक कार्य-निष्पादन के परिणाम संशोधित हो सकते हैं।

उत्तम अभ्यासों के परिवेक्षण के द्वारा, इस परियोजना ने कुछ प्रक्रियाओं को पहचाना है जिनको अपनाने से संस्थाओं में, कार्यस्थल तथा संचालन ढाँचा अधिक स्वागत पूर्ण तथा सम्मिश्रण युक्त हो सकते हैं तथा उत्तम प्रतिभा को आकर्षित करने व उसे बनाये रखने में सहायक हो सकते हैं। कुछ मूल कार्यकलाप [निम्न सुझाव] शामिल करते हैंः

- विविधता के प्रति एक संस्थानीय वचनबद्धता स्थापित हो;
- विविधता के प्रति एक संस्थानीय व्यवसायिक मुद्दा [बिज़नस केस] स्थापित हो;
- नई भर्ती, चुनाव प्रक्रिया के चेतन या अवचेतन पक्षपात का पुनरावलोकन;
- कर्मचारियों व प्रबन्धकों को विविधता के प्रति जागरूकता के लिये प्रशिक्षण प्रदान करना;
- नेतृत्व के विकास तथा पारम्परिक योजना को सहारा देना; तथा
- प्रगति व परिवर्तन को तय करना



sparc bc
people. planning. positive change.

SOCIAL PLANNING & RESEARCH COUNCIL OF BRITISH COLUMBIA
4445 NORFOLK STREET, BURNABY, BC V5G 0A7

फ़ोनः 604-718-7733  फ़ैक्सः 604-736-8697
www.sparc.bc.ca